विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये निम्नलिखित तारांकित प्रश्न संख्या–10 का उत्तर।

| | | |
|---|---|---|
| 10 (क) | क्या पशुधन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में पशु पालकों को सरकार की तरफ से कोई लाभ/सब्सिडी दिये जाने की कार्ययोजना है ? | जी हाँ। |
| (ख) | यदि हाँ, तो उक्त कार्ययोजना के अन्तर्गत प्रयागराज व झांसी मण्डल के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2022 से 01 जनवरी, 2023 तक कितने पशु पालकों को उक्त योजना का लाभ प्राप्त हुआ है? | 1– बकरी पालन की योजना (राज्य योजना) अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल में लाभार्थियों की संख्या 25 एवं झांसी मण्डल में लाभार्थियों की संख्या 15 है।<br>2– अनुसूचित जातियों के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री कार्यक्रम अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में 800 एवं झांसी मण्डल में 600 पशुपालकों को लाभ प्राप्त हुआ।<br>3– उ0प्र0 कुक्कुट विकास नीति, 2013 योजनान्तर्गत प्रयागराज मण्डल में 01 तथा झांसी मण्डल में 01 पशुपालक को लाभ प्राप्त हुआ।<br>4– गोवंशीय पशुओं में वर्गीकृत वीर्य (सेक्स्ड सीमेन) की राज्य योजनान्तर्गत प्रयागराज मण्डल में 1131 कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 548 तथा झांसी मण्डल में 2301 कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 658 उच्च गुणवत्तायुक्त मादा संतति प्राप्त हुई।<br>5– राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (एन.ए.आई.पी) अंतर्गत प्रयागराज मण्डल में कुल 102532 कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 72859 एवं झांसी मण्डल में कुल 102708 कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 85868 पशुपालकों को लाभ प्राप्त हुआ।<br>6– नेशनल लाइवस्टॉक मिशन की जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजनान्तर्गत प्रयागराज मण्डल में कुल 61.03 लाख का प्रीमियम अंशदान देते हुए 6265 बीमा किए गए और 3474 लाभार्थियों (पशुपालकों) को लाभान्वित किया गया है। झांसी मण्डल में कुल रू0 50.31 लाख का प्रीमियम अंशदान देते हुए 5661 बीमा किए गए और 2889 लाभार्थियों (पशुपालकों) को लाभान्वित किया गया है। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

धर्मपाल सिंह
मंत्री,
पशुधन विभाग, उ0प्र0।